दिनांकः 21.11.2026 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर

- प्रदेश में पंचायतीराज चुनाव में 37 जिलों की जिला परिषदों और पंचायत समिति सदस्यों के परिणामों में कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी– 23 जिला परिषदों में बोर्ड के लिए आवश्यक बहुमत हासिल किया।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज पश्चिम बंगाल, बिहार और उत्तर प्रदेश के दौरे पर रहेंगे।
- प्रदेश में पर्यटकों की सुरक्षा के लिए प्रमुख पर्यटन स्थलों पर अप टू डेट टूरिस्ट असिस्टेंस फोर्स सेंटर बनाए जायेगें।
- राजस्थान को पीएम स्वनिधि योजना में श्रेष्ठ प्रदर्शन पर देशभर में तीसरा स्थान मिला है।

000

प्रदेश में पंचायतीराज चुनाव में 37 जिलों की जिला परिषदों और पंचायत समिति सदस्यों की मतगणना में कांग्रेस पार्टी सबसे बडे दल के रूप में सामने आई है। जिला परिषद के 1275 वार्डों के परिणामों में से कांग्रेस ने 798 में जीत हासिल की और 23 जिलों में बोर्ड के लिए आवश्यक बहुमत प्राप्त किया। पार्टी को पंचायत समितियों के 7 हजार 543 वार्डों में से साढे तीन हजार से अधिक में शानदार जीत हासिल हुई है। सत्तारूढ भारतीय जनता पार्टी का इन चुनावों में प्रदर्शन अपेक्षाकृत नहीं रहा है। पार्टी को जिला परिषद में 357 वार्डों में ही जीत मिली, जबकि पंचायत समिति के 2 हजार 213 वार्डों में जीत हासिल कर सकी। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी–आरएलपी तीसरे बडे दल के रूप में सामने आई है। पार्टी के जिला परिषद में 51 जबकि पंचायत समिति में 497 उम्मीदवार जीते हैं। भारतीय आदिवासी पार्टी–बीएपी और निर्दलयों ने भी इन परिणामों में दमखम दिखाया है। क्षेत्रीय पार्टी बीएपी के जिला परिषदों में 43 और पंचायत समिति वार्डों में 278 सदस्य जीते हैं, जबकि निर्दलीय व अन्य, जिला परिषदों में 26 और पंचायत समितियों में 774 सीटों पर काबिज हुए हैं। इसके साथ ही चार जिलों को छोडकर गांव की सरकार चुनने की प्रकिया अंतिम दौर में पहुंच गई है। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कोटा, बारां, श्रीगंगानगर और करौली में 17 दिसम्बर को वोटों की गिनती होगी। प्रदेश में 22 अक्टूबर से चार चरणों में शुरू हुए पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव के कल के नतीजों के साथ ही जिला प्रमुख और प्रधान के चुनाव की तस्वीर भी लगभग साफ हो गई है। जिला प्रमुख का चुनाव 25 नवम्बर को होगा।

वहीं 27 नवम्बर को प्रधान का चुनाव किया जाएगा। वहीं कोटा, बारां, श्रीगंगानगर और करौली जिलों में मतगणना अगले महीने 17 तारीख को की जाएगी। जिला प्रमुख का चुनाव 22 दिसम्बर और प्रधान का निर्वाचन 24 दिसम्बर को होगा।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज पश्चिम बंगाल, बिहार और उत्तर प्रदेश के दौरे पर रहेंगे। वे भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान खड़गपुर के प्लेटिनम जयंती समारोह में भाग लेंगे और सभा को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री दोपहर में बिहार के वैशाली जिले में नीतीश सेतु का लोकार्पण करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी शाम को लखनऊ में पांचवें कौशल दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। इससे पहले प्रधानमंत्री ने कल नई दिल्ली के पुराना किला में शंघाई सहयोग संगठन सभ्यतागत संवाद मंच का उद्घाटन करते हुए कहा है कि सांस्कृतिक संबंध वैश्विक शांति की सबसे मजबूत गारंटी हैं। उन्होंने कहा कि इस संगठन ने बीते 25 सालों में सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और संपर्क के क्षेत्रों में सहयोग का विस्तार किया है। सांस्कृतिक और सभ्यतागत सहयोग सदस्य देशों के बीच संबंधों को और मजबूत करेगा।

.....

000

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि बच्चों को संस्कारवान और ज्ञानवान बनाने के लिए उन्हें कर्तव्यों की जानकारी देना आवश्यक है। श्री देवनानी ने बच्चों का आह्वान किया कि वे भारतीय ज्ञान परम्परा पर गर्व करें और विकसित भारत 2047 में योगदान देने के लिए मेहनत करें। श्री देवनानी कल विधानसभा का भ्रमण करने आए विभिन्न स्कूलों के बच्चों से संवाद कर रहे थे। उन्होंने बच्चों को विधान सभा की कार्यप्रणाली की जानकारी देते हुए कहा कि कानून निर्माण, जनहित के मुद्दों पर विचार–विमर्श और सरकार की जवाबदेही सुनिश्चित करने में विधानसभा की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यूनिसेफ और एनजीओ की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष ने 'विजन 2047' पोस्टर का विमोचन भी किया। गौरतलब है कि "विजन 47" अभियान एक साल चलेगा। इस दौरान विधायकों और मंत्रियों के साथ बच्चों के संवाद सत्र आयोजित किए जाएँगे।

000

प्रदेश में पर्यटकों की सुरक्षा के लिए प्रमुख पर्यटन स्थलों पर अप टू डेट टूरिस्ट असिस्टेंस फोर्स सेंटर बनाए जायेगें। इनके जरिए पुलिस और पर्यटन विभाग सेलानियों को सुरक्षा, के साथ मार्गदर्शन और आपातकालीन सहायता भी उपलब्ध कराएंगे। जयपुर में कल पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा की अध्यक्षता में पर्यटक सुरक्षा और सुविधाओं को लेकर पुलिस और पर्यटन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक हुई। इसमें राजस्थान आने वाले पर्यटकों को अभय कमांड सेंटर से जोडने के लिए क्यूआर कोड की जानकारी देने और सार्वजनिक स्थानों पर सहायत बूथ तथा क्यूआर कोड लगाने पर चर्चा हुई।

डीजीपी ने कहा कि पर्यटन सीजन के दौरान पर्यटकों के साथ बेहतर संवाद और समन्वय जरूरी है। उन्होंने पर्यटन पुलिस जवानों, गार्ड और गाइडों को भाषिणी मोबाइल ऐप डाउनलोड कराने के निर्देश दिए जिससे विदेशी पर्यटकों की भाषा समझकर उनकी समस्याओं का समाधान हो सकें।

000

राजस्थान को पीएम स्वनिधि योजना के विशेष अभियान में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने और ऋण वितरण में देशभर में तीसरा स्थान हासिल हुआ है। कल नई दिल्ली में आयोजित समारोह में केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर और राज्य मंत्री तोखन साहू ने राजस्थान को ये पुरस्कार प्रदान किया। राज्य मिशन निदेशक प्रतीक जुईकर ने ये पुरस्कार लिया। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के जरिए शहरी क्षेत्र ठेला–थडी पथ विक्रेताओं को अपना व्यवसाय आगे बढ़ाने और उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के अवसर उपलब्ध कराए जाते हैं। प्रदेश में इस योजना के तहत अब तक करीब ढाई लाख पथ विक्रेताओं को लगभग 483 करोड़ रूपये का बिना गारंटी ऋण वितरित किया जा चुका है।

000

राष्ट्रीय परीक्षा एजेन्सी–एनटीए ने यूजीसी नेट 2026 का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। इसके अनुसार 87 विषयों के लिए ऑन लाइन मोड पर 14 से 18 दिसम्बर और 21 दिसम्बर को 2 पारियों में परीक्षा ली जाएगी। एनटीए की वेबसाइट पर परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। गौरतलब है कि यूजीसी नेट 2026 के लिए पौने दस लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है।

000

कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय ने कहा है कि देश में हाल के वर्ष में सब्जी के बीजों के निर्यात और समग्र बीज निर्यात में उल्लेखनीय बढोतरी हुई है। मंत्रालय के संयुक्त सचिव –बीज, अजीत कुमार साहू ने कहा कि पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान कुल बीज निर्यात 2 हजार 23 करोड़ रुपये का था, जो इस वर्ष 30 प्रतिशत की बढोतरी के साथ 3 हजार करोड़ रुपये से अधिक हो गया। नई दिल्ली में भारतीय बीज उद्योग संघ द्वारा भारत को वैश्विक बीज केन्द्र बनाने में सब्जी बीज क्षेत्र की भूमिका विषय पर आयोजित सम्मेलन में श्री साहू ने बताया कि देश में बीज उपचार और बीज स्वास्थ्य सहित विभिन्न पहलुओं पर पांच उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने का प्रस्ताव है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 29 नवम्बर को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 140वीं कड़ी होगी। इसके लिए श्रोता अपने सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेज सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 27 नवम्बर तक स्वीकार किए जाएंगे।

0000